an>

Title: Regarding construction of new building of ESIC Hospital in Ulhasnagar, Maharashtra -laid.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): मेरे लोकसभा क्षेत्र कल्याण (महाराष्ट्र) अन्तर्गत उल्हासनगर का ESIC अस्पताल 41 वर्ष पुराना है और यह बहुत जर्जर स्थिति में था। इसका Structural Audit, IIT-Mumbai द्वारा किया गया और इसे Damaged Beyond Repair घोषित किया गया. इस अस्पताल को तोड़ कर 120 करोड़ रूपये की लागत से इसका पुनर्निर्माण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं वाला अस्पताल बनाने की स्वीकृति दी गयी। पिछले 2 वर्षों से इस अस्पताल को अस्थायी रूप से किसी नयी जगह पर स्थानांतरित करने का प्रयास हो रहा है लेकिन कई बार Tender प्रक्रिया शुरू होने की बाद भी ESIC कोई अस्थाई इमारत नहीं ढूंढ पा रही है। मेरा सरकार से निवेदन है कि इस अस्पताल के पुनर्निर्माण का कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और तब तक श्रम मंत्रालय द्वारा इस अस्पताल के संचालन के लिए एक अस्थायी इमारत दी जाए जिससे कामगारों और जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो और उन्हें असुविधा न हो।